**भारत सरकार**
**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय**
**पशुपालन और डेयरी विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-2882**
**दिनांक 10 मार्च, 2026 के लिए प्रश्न**

**पशुधन के लिए आवश्यकताएँ**

**2882. श्री कंवर सिंह तंवरः**
**श्रीमती रुचि वीराः**

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में पशु चिकित्सा अवसंरचना, नस्ल सुधार, चारे की उपलब्धता, रोग नियंत्रण और दूध उत्पादकों के लिए बाजार पहुंच सहित पशुधन और डेयरी कार्यकलापों की क्षमता और आवश्यकता का कोई मूल्यांकन किया है;

(ख) यदि हाँ, तो गत तीन वर्षों के दौरान जिले में पशु चिकित्सा अस्पतालों/चल इकाइयों, टीकाकरण कवरेज, डेयरी अवसंरचना सहायता, लाभार्थी कवरेज और प्रदान की गई सहायता का राज्य-वार और योजना-वार ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में विशेषकर कुंदरकी, बिलारी, ठाकुरद्वारा और रामगंगा नदी जैसे बाढ़ प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में पशु चिकित्सा अवसंरचना, रोग निगरानी और पशु स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापक समीक्षा की है जहाँ पशु चिकित्सकों की कमी, अपर्याप्त चल पशु चिकित्सा इकाइयों, अनियमित टीकाकरण और रोग की सूचना में देरी के कारण पशुधन प्रभावित हो रहे हैं; और

(घ) यदि हाँ, तो सरकार द्वारा उक्त जिलों में पशु स्वास्थ्य में सुधार के लिए पशु चिकित्सा अस्पतालों को मजबूत करने, चल पशु चिकित्सा इकाइयों की तैनाती, कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रमों, रोग निगरानी प्रणाली और मानव संसाधनों के लिए राज्यवार क्या कदम उठाए जा रहे हैं और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**
**(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)**

(क) से (घ): पशुपालन राज्य का विषय है और पशु चिकित्सा अवसंरचना का आकलन और स्थापना तथा कर्मचारियों की तैनाती संबंधित राज्य द्वारा उनकी आवश्यकता के अनुसार, भौगोलिक स्थिति, रोग महामारी विज्ञान, पशु प्रोफाइल आदि जैसे मापदंडों के आधार पर की जाती है। उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राज्य पशु चिकित्सा अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए हर संभव कदम उठा रहा है। इनमें नए अस्पतालों की स्थापना, वंशावली वाले सांडों के सीमन और सेक्स सॉर्टिड सीमन का उपयोग करके कृत्रिम गर्भाधान द्वारा नस्ल सुधार, सरकारी फार्मों से नेपियर घास की रुट स्लिप्स प्राप्त करके और उन्हें किसानों और गौशालाओं के साथ जुड़े चरागाहों को उपलब्ध कराकर चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करना, तथा विभिन्न रोगों के लिए निशुल्क टीकाकरण के माध्यम से रोग नियंत्रण शामिल है। देशी गाय की नस्लों (साहिवाल, गिर, थारपारकर, गंगातिरी आदि) के विकास एवं संवर्धन तथा दूध उत्पादन को बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने नंद बाबा दुग्ध मिशन (NBDM) शुरू किया है, जिसके अंतर्गत निम्नानुसार 3 (तीन) योजनाएं चल रही हैं:

1. नंदिनी कृषक समृद्धि योजना: 25 देशी गोपशुओं की परियोजना, जिसकी लागत 62.50 लाख रुपये है और इसमें 50% सब्सिडी का प्रावधान है।

2. मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना: 10 देशी गोपशुओं की परियोजना, जिसकी लागत 23.60 लाख रुपये है और इसमें 50% सब्सिडी का प्रावधान है।

3. मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना: 2 देशी गोपशुओं की परियोजना, जिसमें अधिकतम 80,000 रुपये तक 40% सब्सिडी का प्रावधान है।

**अमरोहा जिला**

अमरोहा जिले में 22 (बाईस) पशु चिकित्सालय और 1 (एक) रोग निदान प्रयोगशाला है, साथ ही 44 (चौवालीस) पशु LEO केंद्र हैं जो लगभग 6.5 लाख गोपशुओं और भैंसों, लगभग 70,000 बकरियों और भेड़, सूअर, घोड़े, कुत्ते आदि सहित अन्य प्रजातियों के लगभग 5,000 पशुधन की आबादी को सेवा प्रदान करते हैं।

अमरोहा जिले में पशु चिकित्सालयों, पशुधन सेवा केंद्रों (पशु सेवा केन्द्र) और मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयों की सूची क्रमशः अनुबंध 1, 2 और 3 में दी गई है। जिले में सात मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयां कार्यरत हैं जो **टोल-फ्री नंबर 1962** पर कॉल करने पर पशु स्वामियों के द्वार पर आपातकालीन सेवाएं प्रदान करती हैं, साथ ही छह बहुउद्देशीय पशु चिकित्सा वाहन भी हैं जो नियमित रूप से जिले के सुदूरतम गांवों में पशु स्वास्थ्य शिविर आयोजित करते हैं।

**टीकाकरण कवरेज:** पशुपालन और डेयरी विभाग, भारत सरकार खुरपका और मुंहपका रोग, हेमरेजिक सेप्टीसीमिया, लंपी स्किन डिजीज (LSD) और PPR के लिए निशुल्क टीकाकरण प्रदान करता है। टीकाकरण कवरेज, नस्ल सुधार और चारा विकास का वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार है
**वर्ष-वार किए गए टीकाकरण का विवरण इस प्रकार है:**

| वर्ष | FMD | HS | LSD | PPR |
|---|---|---|---|---|
| 2023-24 | 658110 | 598000 | लगभग 70000 | - |
| 2024-25 | 1285746 | 598000 | 173400 | 79000 |
| 2025-26 | लगभग 1210000 (दो चरण) | 598000 | 103900 | 79000 |

**नस्ल सुधार:** पारंपरिक सीमन स्ट्रॉ और सेक्स सॉर्टेड सीमन का उपयोग करके कृत्रिम गर्भाधान किया जा रहा है। वर्ष-वार किए गए कृत्रिम गर्भाधान का विवरण नीचे दिया गया है:

| वर्ष | किए गए कृत्रिम गर्भाधान |
|---|---|
| 2023-24 | 338799 |
| 2024-25 | 442613 |
| 2025-26 | 290953 |

**चारा विकास:** इन वर्षों के दौरान निशुल्क प्रदान की गई नेपियर रूट स्लिप्स की संख्या:

| वर्ष | नेपियर रूट स्लिप्स की संख्या |
|---|---|
| 2023-24 | 454000 |
| 2024-25 | 200000 |
| 2025-26 | 148000 |

जिले में नंदिनी अमरोहा जिले समृद्धि योजना, मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना और मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना के तहत प्रगति नीचे दी गई है:

| वर्ष | नंदिनी कृषक समृद्धि योजना | मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना | मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना |
|---|---|---|---|
| 2024-25 | 0 | 4 | 17 |
| 2025-26 | 2 | 8 | 19 |

**मुरादाबाद जिला :**

राज्य सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में, विशेष रूप से बाढ़ प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों जैसे कुंदारी (कुंदरकी), बिलारी, ठाकुरद्वारा और रामगंगा नदी के किनारे स्थित क्षेत्रों में पशु चिकित्सा अवसंरचना, रोग निगरानी और पशु स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापक समीक्षा की है। चालू वित्तीय वर्ष में कुंदारी (कुंदरकी), बिलारी, ठाकुरद्वारा और रामगंगा नदी (सदर) ब्लॉक में FMD टीकाकरण और कृत्रिम गर्भाधान का विवरण इस प्रकार है:-

| क्र.सं. | ब्लॉक का नाम | FMD | कृत्रिम गर्भाधान | पशु चिकित्सालयों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कुदरकी | 73308 | 33938 | 02 |
| 2 | बिलारी | 106450 | 42938 | 03 |
| 3 | ठाकुरद्वारा | 70400 | 37144 | 03 |
| 4 | सदर | 71000 | 43500 | 04 |

उपर्युक्त के अतिरिक्त, चालू वित्तीय वर्ष में कुंदरी (कुंदरकी), बिलारी, ठाकुरद्वारा और रामगंगा नदी (सदर) ब्लॉक में लंपी स्किन डिजीज (LSD) और H.S के लिए भी टीकाकरण किया गया है।

मुरादाबाद जिले में, 21 (इक्कीस) पशु चिकित्सालय, 44 (चौवालिस) पशुधन सेवा केंद्र (पशु सेवा केन्द्र)और 6 (छ:) मोबाइल पशु चिकित्सा यूनिट तथा 21 पशु चिकित्सालयों में 9 पशु चिकित्सक कार्यरत हैं।

मुरादाबाद जिले में पशु चिकित्सालयों, पशुधन सेवा केंद्रों  (पशु सेवा केन्द्र) और मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयों की सूची क्रमशः अनुबंध  4, अनुबंध 5 और अनुबंध 6 में दी गई है।

इसके अलावा, राज्य ने बाढ़ के दौरान पशु चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने और पूरे क्षेत्र में FMD और H.S रोग की रोकथाम के लिए गहन टीकाकरण कार्यक्रम चलाने हेतु अस्थायी बाढ़ राहत पशुधन शिविर स्थापित किए हैं।

**अमरोहा जिले में पशु चिकित्सालयों की सूची**

| क्र.सं. | पशु चिकित्सालय का नाम | प्रभारी पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | सदर अमरोहा | उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी |
| 2 | हसनपुर | उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी |
| 3 | धनौरा | उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी |
| 4 | गजरौला | चिकित्सा अधिकारी |
| 5 | ककराला | चिकित्सा अधिकारी |
| 6 | उझारी | चिकित्सा अधिकारी |
| 7 | गंगेश्वरी | चिकित्सा अधिकारी |
| 8 | तरौली | चिकित्सा अधिकारी |
| 9 | जोया | चिकित्सा अधिकारी |
| 10 | रजबपुर | चिकित्सा अधिकारी |
| 11 | बुधनपुर | चिकित्सा अधिकारी |
| 12 | नन्हेड़ा अल्यारपुर | चिकित्सा अधिकारी |
| 13 | खंडसाल कलां | चिकित्सा अधिकारी |
| 14 | कौरल | चिकित्सा अधिकारी |
| 15 | मुकारी | चिकित्सा अधिकारी |
| 16 | बछरायूं | चिकित्सा अधिकारी |
| 17 | मोइद्दीनपुर | चिकित्सा अधिकारी |
| 18 | आजमपुर | चिकित्सा अधिकारी |
| 19 | नौगावां सादात | चिकित्सा अधिकारी |
| 20 | इब्राहिमपुर | चिकित्सा अधिकारी |
| 21 | चकनवाला | चिकित्सा अधिकारी |
| 22 | मिलक अख्तियारपुर | चिकित्सा अधिकारी (पद स्वीकृत नहीं) |
| 23 | रोग नियंत्रण प्रयोगशाला | चिकित्सा अधिकारी (पद स्वीकृत नहीं) |

**अमरोहा जिले में पशुधन सेवा केन्द्र (पशु सेवा केन्द्र) की सूची**

| क्र.सं. | पशुधन सेवा केन्द्र का नाम | **प्रभारी पदनाम** |
|---|---|---|
| 1 | गजाना | LEO |
| 2 | काफूरपुर | LEO |
| 3 | कुवांखेड़ा | LEO |
| 4 | सरकड़ा कमाल | LEO |
| 5 | मुनव्वरपुर | LEO |
| 6 | हुसैनपुर | LEO |
| 7 | ध्योकोटी | LEO |
| 8 | रायपुर कलां | LEO |
| 9 | मखदुमपुर | LEO |
| 10 | जब्दी | LEO |
| 11 | पपसरा | LEO |
| 12 | सलामतपुर | LEO |
| 13 | पतेई खालसा | LEO |
| 14 | जमापुर | LEO |
| 15 | धकतौदा | LEO |
| 16 | जगुआखुर्द | LEO |
| 17 | खादगूजर | LEO |
| 18 | सिहाली जागीर | LEO |
| 19 | पतेई भूड़ | LEO |
| 20 | हैवतपुर | LEO |
| 21 | रहरा | LEO |
| 22 | छितारा | LEO |
| 23 | ढयोडी | LEO |
| 24 | सैदनगली | LEO |
| 25 | चक्कलिलेट | LEO |
| 26 | अहरौला माफी | LEO |
| 27 | गंगवार | LEO |
| 28 | बरखेड़ा सादत | LEO |
| 29 | चौधरपुर | LEO |
| 30 | मंगरौली | LEO |
| 31 | कुन्दरकी भूड़ | LEO |
| 32 | तिगारी | LEO |
| 33 | तेलीपुरा | LEO |
| 34 | सकतपुर | LEO |
| 35 | पुथी | LEO |
| 36 | भेदा भारत | LEO |
| 37 | सदरपुर | LEO |
| 38 | झनकपुरी | LEO |
| 39 | नागलिया मेव | LEO |
| 40 | चुचैला कलां | LEO |
| 41 | जमानाखास | LEO |
| 42 | डिडौली | LEO |
| 43 | ढबारसी | LEO |
| 44 | मोहम्मदाबाद | LEO |

**अमरोहा जिले में मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयों (MVU) की सूची**

| **क्र.सं.** | **स्थान** | **नाम** |
|---|---|---|
| 1. | सदर 1 | MVU |
| 2. | सदर-2 | MVU |
| 3. | हसनपुर | MVU |
| 4. | अमरोहा ब्लॉक-1 | MVU |
| 5. | अमरोहा ब्लॉक 2 | MVU |
| 6. | गंगेश्वरी | MVU |
| 7. | गजरौला | MVU |

**मुरादाबाद जिले में पशु चिकित्सालयों की सूची**

| क्र.सं. | पशु चिकित्सालय | प्रभारी पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | सदर | उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी |
| 2 | पाकबड़ा | चिकित्सा अधिकारी |
| 3 | ताजपुर | चिकित्सा अधिकारी |
| 4 | अगवानपुर | चिकित्सा अधिकारी |
| 5 | मूढ़ापांडे | चिकित्सा अधिकारी |
| 6 | दलपतपुर | चिकित्सा अधिकारी |
| 7 | भीतखेड़ा | चिकित्सा अधिकारी |
| 8 | बिलारी | उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी |
| 9 | स्योंडारा | चिकित्सा अधिकारी |
| 10 | नारायणपुर देवा | चिकित्सा अधिकारी |
| 11 | भोजपुर | चिकित्सा अधिकारी |
| 12 | ठाकुरद्वारा | उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी |
| 13 | शरीफनगर | चिकित्सा अधिकारी |
| 14 | सूरजनगर | चिकित्सा अधिकारी |
| 15 | दिलारी | चिकित्सा अधिकारी |
| 16 | जटपुरा | चिकित्सा अधिकारी |
| 17 | छतजैल | चिकित्सा अधिकारी |
| 18 | काठ | उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी |
| 19 | चकफेरी | चिकित्सा अधिकारी |
| 20 | कुन्दरकी | चिकित्सा अधिकारी |
| 21 | डींगरपुर | चिकित्सा अधिकारी |

**मुरादाबाद जिले में पशुधन सेवा केन्द्र (पशु सेवा केंद्र) की सूची**

| क्र.सं. | पशु सेवा केंद्र का नाम | प्रभारी पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | गिन्दौरा | LEO |
| 2 | लोधीपुर | LEO |
| 3 | शिवपुरी | LEO |
| 4 | करसरा बिलारी | LEO |
| 5 | पोल्ट्री क्षेत्र, मुरा | LEO |
| 6 | हरियाणा | LEO |
| 7 | हुसैनपुर | LEO |
| 8 | महमूदा नगला | LEO |
| 9 | फरहेदी | LEO |
| 10 | ताहरपुर | LEO |
| 11 | यूसुफपुर नगलिया | LEO |
| 12 | रतनपुर कलां | LEO |
| 13 | महमूदपुर माफ़ी | LEO |
| 14 | मैनाठेर | LEO |
| 15 | मलकपुर सेमली | LEO |
| 16 | दिलारी | LEO |
| 17 | दौलावाला | LEO |
| 18 | मनकारा | LEO |
| 19 | खड़गपुर वाजे | LEO |
| 20 | शाहपुर टिगरी | LEO |
| 21 | कल्याणपुर | LEO |
| 22 | गौढ़ी | LEO |

| क्र.सं. | पशु सेवा केंद्र का नाम | प्रभारी पदनाम |
|---|---|---|
| 23 | धर्मपुर कलां | LEO |
| 24 | जरगांव | LEO |
| 25 | ग्वारौ | LEO |
| 26 | मथाना | LEO |
| 27 | उमरीकलां | LEO |
| 28 | सिरसा थार | LEO |
| 29 | खुटखेड़ा | LEO |
| 30 | शेरपुर एत्मादपुर | LEO |
| 31 | लदावली | LEO |
| 32 | मौधतैया | LEO |
| 33 | फत्तेपुर विश्नोई | LEO |
| 34 | दूल्हापुर पट्टी जाट | LEO |
| 35 | शेरपुर पट्टी | LEO |
| 36 | धर्मपुर कलां | LEO |
| 37 | रोंडा | LEO |
| 38 | हाथीपुर चित्तू | LEO |
| 39 | अलीपुर ज्योंदरा | LEO |
| 40 | अहरौला | LEO |
| 41 | सनई | LEO |
| 42 | रोशनपुर बहेड़ी | LEO |
| 43 | मानपुर | LEO |
| 44 | रतूपुरा | LEO |

**मुरादाबाद जिले में मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयों (MVU) की सूची**

| क्र.सं. | स्थान का नाम |
|---|---|
| 1 | सदर-1 |
| 2 | सदर-2 |
| 3 | दलपतपुर |
| 4 | दिलारी-1 |
| 5 | दिलारी-2 |
| 6 | बिलारी |